दिन– मंगलवार 					दिनांक– 14 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। 					अवधिः– 15 मिनट

---

01. एनडीए और महागठबंधन में सीटों तथा उम्मीदवारों को लेकर जारी असमंजस के बीच प्रमुख दलों ने अपने प्रत्याशियों को नामांकन करने की अनुमति दी।

02. विधानसभा चुनाव के दोनों चरणों के लिए अब तक बत्तीस प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। एनडीए और महागठबंधन की ओर से अभी तक कोई नामांकन नहीं।

03. राज्य से दक्षिण–पश्चिम मानसून पूरी तरह लौटा। मौसम विभाग के अनुसार इस बार सामान्य से इकतीस प्रतिशत कम बारिश हुई।

04. और, ओड़िशा में खेली जा रही जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में रोहतास के इमरान आलम ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुये स्वर्ण पदक जीता।

---

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के प्रमुख घटल दल राजद और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर गतिरोध जारी है। कल राजद के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव नई दिल्ली में थे लेकिन उनकी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत नहीं हो पाई। इधर, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने बिहार के पार्टी नेताओं के साथ उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा के लिए बैठक की। आज भी पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक नई दिल्ली में आयोजित होगी। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

बिहार में दोनों बड़े राजनीतिक गठबंधन एनडीए और महागठबंधन में राजनीतिक उथल–पुथल के बीच प्रमुख पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों को नामांकन करने की अनुमति दे दी है। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कई उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये हैं। तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा कल राघोपुर निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन किए जाने की संभावना है। इसी प्रकार जनता दल यूनाइटेड की ओर से भी कई प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। सीपीआई माले की ओर से भी आज कई प्रत्याशियों के नामांकन की घोषणा की गई है। इधर, राष्ट्रीय जनता दल से निष्कासित और लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने भी अपनी नयी पार्टी जनशक्ति जनता दल के 21 प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं । धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

इधर, एनडीए के घटक दलों में भी प्रत्याशियों की औपचारिक घोषणा पर गतिरोध बना हुआ है। भाजपा और जदयू ने एक सौ एक–एक सौ एक सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की ओर से सीट बंटवारे पर नाराजगी के कारण कल उम्मीदवारों के नाम की सामूहिक रूप से एनडीए द्वारा की जाने वाली घोषणा स्थगित हो गई। हालांकि भाजपा और जदयू ने

अपने–अपने प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित करना शुरू कर दिया है। इस बीच एनडीए में समन्वय के लिए और नामांकन के दौरान एकजुटता दिखाने के लिए रणनीति बनाई गई है।

---

एनडीए के घटक दल हिन्दुस्तानी अवाम मार्चो की ओर से आज उम्मीदवारों की घोषणा करने की सम्भावना है। पार्टी को गठबंधन में छह सीटें मिली है। वहीं, राजद प्रमुख लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव की पार्टी जन शक्ति जनता दल ने विधानसभा चुनाव के लिए इक्कीस प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। सूची के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव महुआ से चुनाव लड़ेंगे।

---

विधानसभा चुनाव के दोनों चरणों के लिये अधिसूचना जारी होने के बाद सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर प्रत्याशियों के नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला जारी है। अब तक बत्तीस प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। हालांकि एनडीए और महागठबंधन की ओर से किसी भी प्रत्याशी ने अभी तक नामांकन नहीं किया है। पटना जिले की कुम्हरार, दीघा और पालीगंज विधानसभा सीट से कल एक–एक प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। मुंगेर जिले के जमालपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रवि कुमार ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मधुबनी जिले के दस विधानसभा क्षेत्रों में भी नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दूसरे चरण के लिये नामांकन के पहले दिन मधुबनी विधानसभा क्षेत्र से जन संभावना पार्टी के प्रत्याशी गणेश पूर्वे ने नामांकन का पर्चा भरा। वहीं, भोजुपर जिले के आरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भी एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इधर, मधेपुरा जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया जारी है। आलमनगर विधानसभा क्षेत्र से कल एक निर्दलीय प्रत्य़ाशी ने अपना नामांकन पत्र भरा। वहीं कुल पांच एनआर काटे गए हैं।

---

निर्वाचन आयोग ने चालीस निबंधित गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों सहित अन्य दलों के लिए चुनाव चिह्न आवंटित किया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कल विभिन्न दलों को उनके लिए आवंटित चुनाव चिह्न की जानकारी दी। लोजपा, रामविलास को हेलीकॉप्टर और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को सिलाई मशीन चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। वहीं, उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को 'सिलेंडर' और पुष्पम प्रिया चौधरी की द प्लूरल्स पार्टी को 'सीटी' चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है।

---

विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद अब तक नौ विधायकों ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। बिक्रम के विधायक सिद्धार्थ सौरभ, बनियापुर के केदारनाथ सिंह और परबत्ता के विधायक संजीव कुमार ने कल अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दिया। इससे पूर्व विभा देवी, प्रकाश वीर, मुरारी प्रसाद गौतम, भरत बिंद, संगीता कुमारी और चेतन आनंद ने भी अपना इस्तीफा दे दिया है।

---

राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव को लेकर दोनों चरणों के मतदान के दिन संबंधित चुनाव क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया है। समान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार पहले चरण के मतदान के दिन छह नवंबर को एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों और दूसरे चरण के लिए ग्यारह नवंबर को एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश रहेगा।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नमो ऐप के जरिए बिहार भाजपा के बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम का नाम **मेरा बूथ सबसे मजबूत** दिया गया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी जानकारी देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से इसमें भाग लेने का अनुरोध किया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के संवाद से पार्टी के कार्यकर्ताओं को चुनाव में जोश के साथ काम करने की प्रेरणा मिलेगी। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोलह अक्टूबर को तीन दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि श्री शाह इस दौरान विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

———बाईट———

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट का पहला रैंडमाइजेशन पूरा हो गया है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारियों ने ईवीएम प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की। निर्वाचन आयोग ने बताया कि रैंडमाइज्ड ईवीएम और वीवीपैट की निर्वाचन क्षेत्रवार सूची सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तर के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। आयोग ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट को राष्ट्रीय और राज्य स्तर के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति

में संबंधित विधानसभा के स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। यह सूची सभी प्रत्याशियों के साथ भी साझा की जाएगी।

---

विधानसभा चुनाव के लिए जारी आदर्श आचार संहिता के दौरान पिछले चौबीस घंटे में सुरक्षा बल और पुलिस ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से एक करोड़ तीस लाख रूपये मूल्य की शराब और अड़सठ लाख रूपये का मादक पदार्थ जब्त किये हैं। मद्य निषेध विभाग के अनुसार अब तक बारह करोड़ रूपये से अधिक की शराब और चार करोड़ बयालीस लाख रूपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। इस दौरान पांच सौ छप्पन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बेगूसराय जिले के लाखो थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग छत्तीस लाख रुपए बतायी जा रही है। इधर, जहानाबाद जिले में छोपमारी अभियान के दौरान जब्त की गई चार हज़ार लीटर से अधिक देशी और विदेशी शराब को नष्ट किया गया।

---

मद्य निषेध विभाग ने विधानसभा चुनाव के दौरान शराब की सूचना देने के लिए हेल्पलाईन नम्बर जारी किया है। इसके लिए विभाग ने चौबीसों घंटे सातों दिन काम करने वाला टोल– फ्री नम्बर– एक आठ शून्य शून्य– तीन चार पांच एक छह तीन चार जारी किया है। वहीं, पटना के मद्य निषेध विभाग के सहायक आयुक्त के मोबाईल नम्बर– नौ चार सात तीन चार शून्य शून्य छह शून्य आठ पर भी जानकारी साझा की जा सकती है।

---

कर्मचारी भविष्य निधि – ईपीएफ के सदस्य कर्मचारी और नियोक्ता के हिस्से सहित भविष्य निधि में पात्र शेष राशि का सौ प्रतिशत तक निकाल सकेंगे। केंद्रीय न्यासी बोर्ड–सीबीटी ने तेरह जटिल नियमों को एक ही प्रावधान में समाहित करके सरलीकृत आंशिक निकासी प्रावधानों को मंजूरी दी है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बोर्ड ने निकासी की सीमाओं को भी उदार बनाया है, जिससे शिक्षा के लिए दस बार तक और विवाह के लिए पांच बार तक निकासी की अनुमति दी गई है। सभी आंशिक निकासी के लिए न्यूनतम सेवा की आवश्यकता को समान रूप से घटाकर केवल बारह महीने कर दिया गया है।

---

राज्य से दक्षिण–पश्चिम मानसून की पूरी तरह से वापसी हो गयी है। मौसम विभाग के अनुसार एक जून से तीस सितंबर के बीच राज्य में मॉनसून के प्रभाव से कुल

छह सौ छियासी दशमलव तीन मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। यह सामान्य से इकतीस प्रतिशत कम है। विभाग के अनुसार पटना समेत दक्षिण बिहार के तेरह जिलों में सामान्य से उन्नीस प्रतिशत तक अधिक जबकि शेष पच्चीस जिलों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गयी। इधर, विभाग ने इस वर्ष कड़ाके की ठंड पड़ने की सम्भावना जतायी है। साथ ही ला लीना के प्रभाव से ठंड का प्रभाव तय समय से देर तक बना रहेगा।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी आज से आयोजित की जा रही है। समिति के अनुसार पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर, मुंगेर, पूर्णियां, सहरसा और भोजपुर समेत राज्य के नौ जिलों में विभिन्न केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा का आयोजन किया जारा है। परीक्षा सोलह अक्टूबर तक ली जायेगी।

---

सीतामढ़ी जिले के धरहरवा शहजौली पंचायत में मतदाता जागरूकता के लिए संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से "हर वोट की कीमत" और "पहले मतदान, फिर जलपान" का संदेश दिया गया।

---

ओड़िशा में खेली जा रही चालीसवीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की पेंटाथलॉन स्पर्धा में बिहार के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। रोहतास जिले के इमरान आलम ने बालक अन्डर सिक्सटीन वर्ग के पेंटाथलॉन स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुये स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। वहीं, अलका सिंह ने शॉट पुट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। दिव्यांश कुमार, प्रशांत सिंह, विशाल कुमार गुप्ता और आर्यन कुमार ने बालक अंडर एटीन, एक हजार मीटर मेडले रिले में कांस्य पदक हासिल किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– लालू, राबड़ी और तेजस्वी पर भ्रष्टाचार के आरोप तय। दो होटलों के संचालन का ठेका देने में गड़बड़ी का मामला। दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– जन सुराज की दूसरी सूची जारी। पैंसठ प्रत्याशियों में चौदह मुस्लिम और चौदह अति पिछड़ा। प्रभात खबर ने नामांकन के बाद पार्टियों के चुनाव प्रचार को बड़ी

खबर बनाया है। अखबार लिखता है– एनडीए का नामांकन बनेगा मेगा पॉलिटिकल शो, बारह सीएम और बीस केन्द्रीय मंत्री करेंगे सभाएं। दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– आरक्षण नहीं, अपने दम पर जज बन रही हैं महिलाएं। राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने नवाचार पर आधारित आर्थिक विकास की व्याख्या के लिए तीन शोधकर्ताओं को अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार दिये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. एनडीए और महागठबंधन में सीटों तथा उम्मीदवारों को लेकर जारी असमंजस के बीच प्रमुख दलों ने अपने प्रत्याशियों को नामांकन करने की अनुमति दी।

02. विधानसभा चुनाव के दोनों चरणों के लिए अब तक बत्तीस प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। एनडीए और महागठबंधन की ओर से अभी तक कोई नामांकन नहीं।

03. राज्य से दक्षिण–पश्चिम मानसून पूरी तरह लौटा। मौसम विभाग के अनुसार इस बार सामान्य से इकतीस प्रतिशत कम बारिश हुई।

04. और, ओड़िशा में खेली जा रही जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में रोहतास के इमरान आलम ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुये स्वर्ण पदक जीता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।